SHIMLAहिमाचल

राजकीय महाविद्यालय 16 मील धामी में मनाया गया 'विश्व एड्स दिवस' पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

NOV 30, 2023

Spread the love
शिमला 30 अक्टूबर, 2023 राजकीय महाविद्यालय धामी, शिमला में विश्व एड्स दिवस के दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रेड क्रॉस क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना व रोवर्ज व रेंजर्स के संयुक्त सहयोग से किया गया।

इसमें महाविद्यालय की ब्रांड अम्बेसडर सुश्री रीटा ने विद्यार्थियों को "एड्स से सुरक्षा" विषय पर भाषण दिया। इसी विषय पर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, कोलाज मेकिंग व कार्टूनिंग मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें साठ (60) से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। डॉ. मनोज कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी तथा डॉ. रमेश चौहान, एसोसिएट प्रोफेसर, शारिरिक शिक्षा, ने विद्यार्थियों के संवेदीकरण के लिए स्त्रोत वक्ता के रूप में एड्स जागरूकता व बचाव' विषय पर शोधपरक बात रखी।

NATIONAL SERVICE SCHEME
(MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS OF THE GOVT. OF INDIA)
GOVT. COLLEGE
RED RIBBON CLUB

GOVT. DEGREE COLLEGE DHAMI AT 16 MILE DISTT. SHIMLA
GDC DHAMI AT 16 MILE, DISTT. SHIMLA HP
NATIONAL SERVICE SCHEME
(MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS OF THE GOVT. OF INDIA)
COLLEGE
DISTT. SHIMLA (H.P)
WORLD AIDS DAY
1 DEC

प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी सामाजिक बदलाव व जन-जागृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नशे से दूर रहना होगा, यह एड्स से बचाव का महत्वपूर्ण उपाय होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री दिनेश शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।